आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 19.07.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम कल तक वेबसाइट पर डालने को कहा है।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में कल से दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का अपना डीम्ड विश्वविद्यालय जल्द ही काम करना आरंभ कर सकता है।
- पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय उल्लास मेला का आयोजन किया जा रहा है–आज समापन होगा।
- आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों और संस्थानों को सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी–दो हजार चौबीस परिणााम के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम कल दोपहर बारह बजे तक वेबसाइट पर डालने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चन्द्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने उम्मीदवारों के नाम उजागर किए बिना शहर और केन्द्र–वार परिणाम प्रकाशित करने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ, मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़ी लगभग चालीस याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में कल से दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन के उच्च शिक्षा विभाग और दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए शिक्षा सचिव एल. कुमार ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए इस तरह के कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से उच्चतर शिक्षा को प्रभावशाली बनाने में यह कार्यक्रम कारगर सिद्ध होगा तथा नई दिशा और दशा देने में भी इससे सहयोग मिलेगा। उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम उच्चतर शिक्षा

को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर पाएंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक मामलों की डीन प्रोफेसर के. रत्नावली ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय बना, जिसने वर्ष दो हजार बाईस–तेईस में नई शिक्षा नीति क्रियान्वित की। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में काफी सहयोग मिलेगा। दो दिवसीय इस कार्यशाला में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों से आए स्रोत अधिकारी, द्वीपों के विभिन्न कॉलेजों से उच्च शिक्षा से जुड़े सहायक और एसोसिएट प्रोफेसरों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का अपना डीम्ड विश्वविद्यालय जल्द ही काम करना आरंभ कर सकता है। कल पोर्ट ब्लेयर के डीब्रेट में नई शिक्षा नीति पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से इतर आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष दो हजार अट्ठारह में नेताजी सुभाषचन्द्र उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना की थी। इसी क्रम में पिछले वर्ष शिक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ कंटेन्ट जारी किया था और इस वर्ष मार्च में डीम्ड विश्वविद्यालय के लिए अधिसूचना जारी की गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ जो समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किया गया, उससे द्वीपों में उच्च शिक्षा को एक मुकाम हासिल होगा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल में कल से दो दिवसीय राज्य स्तरीय उल्लास मेला का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा सचिव एल. कुमार ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह में शत–प्रतिशत साक्षरता दर हासिल करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें सबका सहयोग अत्यंत जरूरी है। उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य कुमार झा ने कहा कि साक्षरता किसी भी राष्ट्र का मजबूत स्तंभ होता है। लोग साक्षर होंगे, तो समाज साक्षर होगा, जो राष्ट्र की उन्नति और प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं।

इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए राज्य शिक्षा संस्थान के आर.के सिंह ने कहा कि इस दो दिवसीय मेले में डिगलीपुर से लेकर कैम्पबेल बे तक के संसाधन केन्द्र से पाठक आए हुए हैं। मेले का समापन आज दिन में दो बजे होगा।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों और संस्थानों को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार द्वारा सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार दो हजार पच्चीस की शुरूआत की गई है। इस सिलसिले में इस क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तिगत लोग और संस्थान दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये लिंक प्रशासन की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इक्कतीस अगस्त आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वी बी एस पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर और आईआईटी बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के सहयोग से इलैक्ट्रिकल, कम्प्यूटर और कैमिकल साइंस पर आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का आज सुबह साढ़े नौ बजे उद्‌घाटन होगा।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के आज शाम छः बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में करीब डेढ़ सौ यात्री सवार है और दो सौ चालीस मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्‌घाटन के एक वर्ष पूरा होने की स्मृति में कल हवाई अड्डा परिसर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन सचिव श्री विश्वेन्द्र ने पर्यटन के विकास में हवाई अड्डे के महत्व पर प्रकाश डाला। नागरिक उड्डयन की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने कहा कि द्वीपों में हवाई अड्डा पर्यटन का प्रवेश द्वार है और इससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। एयरपोर्ट निदेशक देवेन्दर यादव ने हवाई अड्डे में हो रही प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नवम्बर में क्वालालम्पुर से पोर्ट ब्लेयर के बीच अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू हो सकती है। कल से हृदय रोग से संबंधित मरीजों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडे के नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर हवाई अडडा परिसर में कल से हदय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है– अण्डमान क्रोनिकल की बड़ी खबर है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्रकारों से एक जिम्मेदार पत्रकार बनने का अनुरोध किया है, जो दोहरे और अनैतिक व्यवहार का समाधान कर सके–द डेली टेलीग्राम्स की पहली हेडलाइन है। नगरपालिका परिषद की ओर से शहर के विभिन्न भागों में सफाई अभियान चलाए जाने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से पोर्ट ब्लेयर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के समाचार को द इंफो इंडिया ने, जबकि महिला एशिया कप में आज भारत का पाकिस्तान के साथ मुकाबला होने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>